( आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 31281/78 )    O.I.G.S.    डाक पंजीयन क्रमांक RJ/JPC/205/2018-20

राजस्थान
# रोज़गार संदेश
(पाक्षिक)

(राजस्थान सरकार के रोजगार सेवा निदेशालय द्वारा प्रकाशित व्यावसायिक मार्गदर्शन एवं रोजगार संबंधी सूचनाओं का एकमात्र प्रकाशन)

वर्ष 43 अंक 21    Website:http://employment.livelihoods.rajasthan.gov.in    15 दिसम्बर, 2020    फोन : 2368398    मूल्य : 2.00    वार्षिक शुल्क 40 रु

# अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति हेतु नेशनल कैरियर सर्विस सेंटर

## (एन.सी.एम.सी. फॉर एस.सी.एस.टी.), जयपुर (राज.)

## NATIONAL CAREER SERVICE CENTRE FOR SC/ST's (NCSC FOR SC/ST'S) JAIPUR (RAJ.)

**पृष्ठभूमि :-** भारत सरकार ने अनुसूचित जाति जनजाति के शिक्षित बेरोजगारों के लिए एलायपेरूमल कमेटी का गठन 1969 में किया तथा उनकी प्रस्तावित सिफारिशों को स्वीकार करके, उन्हें क्रियान्वित करके बेरोजगारी को कम करने में प्रयासरत है। राजस्थान राज्य के अनुसूचित जाति / जनजाति के शिक्षित बेरोजगारों के लिए सन् 1980 में जयपुर में इस केंद्र की स्थापना की गई और तभी से यह केंद्र निर्धारित कार्यक्रमों को क्रियान्वित करते हुए लोगों को लाभान्वित करता आ रहा है। अनेक लोग इस केंद्र की निशुल्क सेवाओं का लाभ उठाकर सरकारी, अर्द्ध सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों में रोजगार प्राप्त करके व स्व-रोजगार को अपनाकर सुखी जीवन यापन कर रहे हैं। राजस्थान सरकार की तरफ से निदेशक, कौशल नियोजन एवं उद्यमिता विभाग दरबार स्कूल परिसर जयपुर, राजस्थान इस केंद्र के परियोजना निदेशक के रूप में महत्वपूर्ण निर्देश भी प्रदान करते रहते है।

**लक्ष्य वर्ग :-** हमारा लक्ष्य अनुसूचित जाति /जनजाति के युवक/युवतियों जो कम से कम 10 वीं कक्षा उत्तीर्ण हो तथा राज्य के किसी भी रोजगार कार्यालय में चालू हालत में पंजीकृत हैं।

**उद्देश्य :-** इस केंद्र के निम्नलिखित उद्देश्य है :-

1. उपलब्ध मानवीय शक्ति व संसाधन के अनुरूप रोजगार हेतु दिशा प्रदान करना।
2. व्यावसायिक मार्गदर्शन व रोजगार हेतु विभिन्न प्रकार की सूचनाएं प्रदान करना।
3. प्रशिक्षण व कोचिंग के द्वारा बेरोजगारों में रोजगार की क्षमता का विकास करना।

**प्रदत्त निशुल्क सेवाएं :-** इस केंद्र में निम्नलिखित कार्य/सुविधाएं उपलब्ध है जो पूर्णत: नि:शुल्क है :-

एन.सी.एस. पंजीयन, पंजीयन पूर्व मार्गदर्शन (Pre-Registration Guidance) व्यक्तिगत मार्गदर्शन (Individual Guidance) सामूहिक मार्गदर्शन (Group Guidance), केरियर वार्ता (Career Talk), आत्मविश्वास जागृत कार्यक्रम (Confidence Building Programme), व्यावसायिक सूचना (Vocational Information), साक्षात्कार कला (Interview Techniques), स्वरोजगार संबंधी मार्गदर्शन (Self-Employment Guidance), उद्योग स्थापना (Set-up an Industry), उच्च शिक्षा के साथ भविष्य नियोजन (Planing a Career-Vis-a-Vis Higher Education), प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी योजना (Planing to Face Competitive Examination), हिंदी /अंग्रेजी आशुलिपि /टंकण प्रशिक्षण (Hindi/English Stenography & Typing Training), अभ्यास हेतु हिंदी/अंग्रेजी टंकण /कंप्यूटर प्रशिक्षण (Hindi/English/Computer Typing Training for Speed Practice), अन्य रोजगार संबंधी जानकारी (Other Information for Employment), नाईलेट एक वर्षीय कम्प्यूटर ओ लेवल सॉफ्टवेयर एवं एक वर्षीय ओ लेवल कम्प्यूटर हार्डवेयर मेन्टिनेंस प्रशिक्षण (One Year "O" Level Computer Course), प्रतिष्ठित निजी संस्थान से 11 माह का नि:शुल्क विशेष कोचिंग प्रशिक्षण पाठ्यक्रम (S.S.C. Special Coaching Course for 11 Month Through Reputed Pvt. Institute)



ऊपर दर्शाई गई गतिविधि के अंतर्गत राजस्थान राज्य के रोजगार कार्यालयों में पंजीकृत शिक्षित युवक व युवतियों के लिए 1 वर्ष का नि:शुल्क ओ लेवल कंप्यूटर सॉफ्टवेयर प्रशिक्षण कराया जाता है । इस कोर्स के लिए आशार्थी की शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास होने के साथ-साथ वैकल्पिक विषय के रूप में कंप्यूटर विषय नहो । उम्र 18 से कम व 30 वर्ष से अधिक न होने के साथ-साथ पारिवारिक वार्षिक आय रु तीन लाख से अधिक न हो, मुख्य शर्त है। प्रशिक्षण में प्रवेश इस केंद्र द्वारा ली जाने वाली लिखित परीक्षा व साक्षात्कार में प्राप्त कुल अंकों की वरिष्ठता के आधार पर किया जाता है ।ओ लेवल कंप्यूटर हार्डवेयर मेंटेनेंस प्रशिक्षण में शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण हो या दसवीं कक्षा के पश्चात् आईटीआई या डिप्लोमा होना चाहिए। शेष शर्तें जैसे आयु, पारिवारिक आय संबंधी योग्यता वही है जो ओ लेवल सॉफ्टवेयर प्रशिक्षण में लागू है।

11 माह की SSC विशेष कोचिंग स्कीम में प्रवेश हेतु शर्तों के अंतर्गत राज्य के रोजगार कार्यालय में पंजीकृत शिक्षित व बेरोजगार युवक युवतियों के लिए 11 माह का नि:शुल्क कोचिंग प्रशिक्षण पाठ्यक्रम कराया जाता है जो मुख्यतः केंद्र सरकार/राज्य सरकार व निजी संस्थानों में टाइपिस्ट, लिपिक, आशुलिपिक व डेटा एन्ट्री ऑपरेटर पद की भर्ती के लिए ली जाने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर केंद्रित है। इस प्रशिक्षण के लिए आशार्थी की न्यूनतम योग्यता 12वीं पास, आयु 18 वर्ष से कम व 27 वर्ष से अधिक न हो। कंप्यूटर ओ लेवल प्रशिक्षण एवं विशेष कोचिंग प्रशिक्षण कक्षा में 80 प्रतिशत या अधिक उपस्थित होने वाले प्रशिक्षुओं को ₹1000 प्रतिमाह की दर से छात्रवृत्ति आधार कार्ड से जुडें हुए बैंक खाते में डीबीटी के द्वारा दी जाती है, और पूरे प्रशिक्षण काल के लिए, पाठ्यपुस्तकें व स्टेशनरी भी इस केंद्र द्वारा नि:शुल्क दिया जाता है ।स्पेशल कोचिंग स्कीम उत्तीर्ण प्रशिक्षुओं को निदेशक कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित प्रमाण-पत्र भी जारी किया जाता है। प्रशिक्षण में प्रवेश इस केंद्र द्वारा ली जाने वाली लिखित परीक्षा व साक्षात्कार में प्राप्त कुल अंकों की वरिष्ठता के आधार पर किया जाता है । प्रवेश प्रक्रिया अप्रेल माह से प्रारम्भ की जाती है।

**उक्त तीनों प्रशिक्षण केंद्र के द्वारा चयनित निजी संस्थान द्वारा कराया जाता है।**

## अन्य संक्षिप्त व महत्वपूर्ण जानकारियां :-

1. रोजगार कार्यालय पंजीकरण स्वयं करने हेतु Employment livelihoods.rajasthan.gov.in पर लॉग इन करके कर सकते हैं। समय-समय पर पंजीयन को अपडेट करते रहे।
2. रोजगार महानिदेशालय, भारत सरकार, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा क्रियान्वित किए गए एन.सी.एस. पोर्टल पर भी रोजगार प्राप्त करने रोजगार मार्गदर्शन, रोजगार शिविर की जानकारी हेतु वेबसाईट www.ncs.gov.in पर पंजीयन करावें।
3. रोजगार कार्यालय में केवल नियोक्ता के मांगे जाने पर नाम वरिष्ठता के अनुसार ही नियोक्ता को प्रेषित किया जाता है। नियोक्ता द्वारा मांग न किये जाने के कारण बेरोजगारों को काफी समय तक प्रतिक्षा करनी पड़ती है।
4. नियोक्ता, निर्धारित पदों की भर्ती नियमों और शर्तों के अनुसार (जैसे शैक्षणिक योग्यता, उम्र, प्रशिक्षण अनुभव शारीरिक मापदंड जहां लागू होता है इत्यादि) निर्धारित शर्तों को पूरा करने वाले उम्मीदवारों में से योग्य उम्मीदवारों की पहचान करके अपने संस्थान में नियुक्ति करता है जो संस्था को उन्नति करने में सहायता प्रदान कर सकता हो। नियोक्ता आपकी जाति, वर्ग, रूप रंग, गरीबी, अमीरी से कोई मतलब नहीं रखता।
5. केंद्र सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के अनुसार कार्मिक एवं प्रशासनिक विभाग (DOPT) के ज्ञापन संख्या 140 24/2/96-स्था (डी) दिनांक 18.5.1998 के अनुसार यह व्यवस्था की है की भर्ती हेतु नियोक्ता द्वारा अपना मांग पत्र रोजगार कार्यालय में देने के साथ-साथ दैनिक समाचार पत्र, आकाशवाणी दूरदर्शन आदि प्रसार के माध्यमों सहित भर्ती सूचना नोटिस बोर्ड पर लगाना अनिवार्य किया है। रोजगार कार्यालय से प्राप्त उम्मीदवारों की सूची एवं सीधे प्राप्त आवेदन पत्रों में से योग्य उम्मीदवारों के आवेदन पत्रों में से चयन अपने भर्ती नियमों के आधार पर नियोक्ता करता है ।अतःबेरोजगारों को सलाहदी जाती है कि अपने नियमित रूप से दैनिक समाचार पत्र, आकाशवाणी, दूरदर्शन इत्यादि से सूचना प्राप्त कर अपना आवेदन सीधे नियोक्ता को भेज सकते हैं।
6. समाज में अनेक ऐसे गैर मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान खुले हुए जो अपने मनमोहक, लुभावने विज्ञापनों में मान्यता प्राप्त/पंजीकरण इत्यादी को देकर आपको प्रशिक्षण हेतु अपनी तरफ आकर्षित करते हैं । कृपया मान्यता प्राप्त होने की जांच पड़ताल केवल सरकारी कार्यालयों से अथवा सरकार की (शेष पृष्ठ 8 पर)

IndianOil

# इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड

(भारत सरकार का उपक्रम)
(रिफाइनरी प्रभाग)
हल्दिया रिफाइनरी

IndianOil

विज्ञापन सं. पीएच/आर/01/2020

1. ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने की तिथि 7.12.2020 (10:00 बजे से) है और अंतिम तिथि 21.12.2020 (17:00 बजे तक) है।
2. ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने का लिंक **www.iocl.com** पर उपलब्ध है।
3. लिखित परीक्षा **जनवरी 2021** में आयोजित की जा सकती है।

## हल्दिया रिफाइनरी में अनुभवी गैर-कार्यकारी कार्मिक की आवश्यकता

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड भारत का सबसे बड़ा वाणिज्यिक उपक्रम है और एक फॉर्च्यून 'ग्लोबल 500' कंपनी को हल्दिया (पश्चिम बंगाल) में अपनी रिफाइनरी के लिए पहल और उद्यम के साथ परिणाम उन्मुख अनुभवी कर्मियों की आवश्यकता है।

निम्नलिखित तकनीकी पदों के लिए भारत के उज्ज्वल, युवा एवं ऊर्जावान व्यक्तियों से 25,000-1,05,000/- (**संशोधित**) रुपये के वेतनमान पर **ऑन-लाइन आवेदन** आमंत्रित किए जाते हैं।

| पद कोड | पद का नाम | रिक्तियों और आरक्षण की संभावित संख्या | | | | | | | भूत पूर्व सैनिक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | कुल | अनारक्षित | ईडब्ल्यूएस | अ.जा | अ.ज.जा | अ.पि.व (एनसीएल) | पीडब्ल्यूबीडी | |
| 203 | जूनियर इंजीनियरिंग असिस्टेंट- IV (इलेक्ट्रिकल)/ जूनियर टेक्निकल असिस्टेंट- IV | 3* | 1* | 0 | 1* | 0 | 1* | 1* | सरकारी दिशा निर्देशों के अनुसार |
| 206 | जूनियर क्वालिटी कंट्रोल एनालिस्ट- IV | 1* | 0 | 0 | 0 | 1* | 0 | 0 | |
| 207 | जूनियर इंजीनियरिंग असिस्टेंट- IV (फायर एंड सेफ्टी) | 1* | 0 | 0 | 0 | 0 | 1* | 0 | |
| | कुल | 5* | 1* | 0 | 1* | 1* | 2* | 1* | |

*जिसमें बैकलॉग के रिक्त पद शामिल हैं

1. कार्य, कार्य व्यवस्था के माध्यम से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय शिफ्ट के अंतर्गत संचालित किया जाता है। कार्य की आवश्यकता के आधार पर किसी भी कार्य व्यवस्था के अंतर्गत कर्तव्यों को निभाने के लिए पदधारियों की आवश्यकता हो सकती है।
2. ऊपर दर्शायी गई रिक्तियों की संख्या अस्थायी है और प्रबंधन के विवेकाधिकार और नियुक्ति के समय आरक्षण के अंतर्गत राष्ट्रपति के निर्देशों के अनुपालन में संबंधित श्रेणियों में वृद्धि या कमी की जा सकती है।
3. पेट्रोलियम रिफाइनिंग एक जटिल एवं जोखिम भरी प्रक्रिया है और बेंचमार्क विकलांग श्रेणी (40 प्रतिशत या उससे अधिक) से संबंधित उम्मीदवारों की इसमें भर्ती नहीं की जा सकती। ऐसे उम्मीदवारों पर ऊपर बताए गए पदों/संख्याओं के लिए विचार किया जा सकता हैं।

**विकलांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम** 2016 - धारा 2 (आर) यह निर्धारित करता है कि 'बेंचमार्क से संबंधित व्यक्ति' जो कि विधिवत प्रमाणित प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित होने के साथ:

1. निर्दिष्ट विकलांगता 40 प्रतिशत से कम नहीं होनी चाहिए, जहाँ निर्दिष्ट विकलांगता को मापने योग्य शर्तों के रूप में परिभाषित नहीं किया गया है और
2. ऐसी विकलांगता, जहां निर्दिष्ट विकलांगता को मापने योग्य शर्तों में परिभाषित किया गया है।

उम्मीदवारों को विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों के साथ विकलांगता के नियम, 2017 के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी विकलांगता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है और यदि वे ऐसा करने में असमर्थ रहते हैं तो उन उम्मीदवारों को पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के रूप में योग्य नहीं माना जाएगा। बेंचमार्क अपंगता वाले व्यक्ति को उन्हें सौंपे गए कार्य को पूरा करने में सक्षम होना चाहिए/उपयुक्त सहायक साधनों और उपकरणों का उपयोग करते हुए निर्देश प्राप्त करना चाहिए। पीडब्ल्यूबीडी श्रेणियों से संबंधित उम्मीदवारों की नियुक्ति कोड 203 के लिए अधिसूचित श्रेणियों के अंतर्गत चिह्नित पदों के लिए निम्नानुसार श्रेणियों से होगी।

1. पीवी - कमज़ोर नज़र
2. पीएच - सुनने में दिक्कत
3. पीएल - मस्कुलोस्केलेटल (ओएच-ओए/ओएल), बौनापन, एसिड अटैक पीड़ित, मस्तिष्क पक्षाघात, कुष्ठ रोग रहित
4. विभिन्न (एक, दो या तीन से अधिक का मिश्रण)
5. बहरा

पी = शारीरिक; वी = नज़र; एच = सुनना;
एल = लोकोमोटर्स; ओ = ऑर्थोपेडिक;
ओए = एक भुजा;
ओएल = एक टांग;

एक जोखिम भरा उद्योग होने के नाते, अन्य विकलांग लोगों के साथ पीडब्ल्यूबीडीएस की तैनाती जोखिम में डाल सकती है, इसलिए इसको इसमें शामिल नहीं किया गया।

**क. योग्यता एवं अनुभव मानदंड**

| क्र. सं. | पद का नाम | पद कोड | योग्यता (केवल भारतीय विश्वविद्यालयों/संस्थानों से पूर्णकालिक नियमित पाठ्यक्रम) | अनुभव का क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जूनियर इंजीनियरिंग असिस्टेंट- IV (इलेक्ट्रिकल)/जूनियर टेक्निकल असिस्टेंट- IV | 203 | अ.पि.व (एनसीएल), ईडब्ल्यूएस एंड सामान्य उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम 50 प्रतिशत प्राप्तांक के साथ किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान/विश्विद्यालय से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में तीन वर्ष का डिप्लोमा और पीडब्ल्यूडी पदों के लिए पहचान की गई/आरक्षित की तुलना में अ.जा/अ.ज.जा/पीडब्ल्यूडी की स्थिति में 45 प्रतिशत | संचालन/पावर जनरेटर्स का रख-रखाव/सब स्टेशन (एलटी और एचटी क्रमशः 0.4 केवी और 6.6 केवी स्तर के या उससे ऊपर के) का वितरण/एचटी का रख-रखाव/एलटी स्विच गेयर्स (पीसीसी/ एमसीसी)/ ट्रांसफॉर्मर्स/ मोटर्स/ एसीबीएस/ वीसीबीएस/ यूपीएस/ बैटरी चार्जर/वेरिएबल स्पीड ड्राइव्स/विद्युत चुम्बकीय सहित सक्रिय रिले/ स्टेटिक/ पेट्रोलियम रिफाइनरी में संख्यात्मक रिले/ पेट्रो-केमिकल/ हेवी केमिकल/ फर्टिलाइजर/ पावर प्लांट्स/ बड़ा उद्योग स्थापित करने में न्यूनतम एक वर्ष का पद योग्यता अनुभव |
| 2 | जूनियर क्वालिटी कंट्रोल एनालिस्ट- IV | 206 | अ.पि.व (एनसीएल), ईडब्ल्यूएस एंड सामान्य उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम 50 प्रतिशत प्राप्तांक के साथ किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान/विश्विद्यालय से भौतिकी, रसायन विज्ञान/औद्योगिक रसायन विज्ञान और अंकगणित के साथ बी.एससी और पीडब्ल्यूडी पदों के लिए पहचान की गई/ आरक्षित की तुलना में अ.जा/ अ.ज.जा/ पीडब्ल्यूडी की स्थिति में 45 प्रतिशत | एक पेट्रोलियम रिफाइनरी में हाथ के उपकरण, जिसमें एचपीएलसी, एक्सआरएफ, डब्ल्यूडीएक्सआरएफ,जीसी, आईसीएपी, एएएस, ऑटो एनालाइजर्स, फ्लैश पॉइंट इत्यादि/ पेट्रो-केमिकल/ हेवी केमिकल/ फर्टिलाइजर/ पावर प्लांट्स/ बड़ा उद्योग स्थापित करने में न्यूनतम एक वर्ष का पद योग्यता अनुभव |
| 3 | जूनियर इंजीनियरिंग असिस्टेंट- IV (फायर एंड सेफ्टी) | 207 | **भारी वाहन की ड्राइविंग लाइसेंस** के साथ किसी भी अन्य मान्यता प्राप्त संस्थान से एनएफएससी-नागपुर या समकक्ष (नियमित पाठ्यक्रम) से मैट्रिक प्लस उप-अधिकारी पाठ्यक्रम | एक पेट्रोलियम रिफाइनरी में फायर एंड सेफ्टी सेट-अप, जिसमें आग से लड़ने वाले उपकरण शामिल है,फायर वाटर नेटवर्क, कम्युनिकेशन सिस्टम से संबंधित, आपातकालीन संचालन, फायर-फाइटिंग, फायर से संबंधित टेंडर्स का संचालन/ पंप-हाउस, इत्यादि/ पेट्रो-केमिकल/ हेवी केमिकल/फर्टिलाइजर/पावर प्लांट्स/बड़ा उद्योग स्थापित करने में न्यूनतम एक वर्ष का पद योग्यता अनुभव |
| | | | दिशानिर्देश एवं मानदंड से संबंधित खंड 7 के अनुसार कॉर्पोरेशन के पूर्व-रोजगार चिकित्सा परीक्षा के लिए शारीरिक स्वास्थ्य के मानदंड के अलावा तकनीकी कार्यों के लिए भी अन्य शारीरिक एवं स्वास्थ्य संबंधी मानदंड मान्य होंगे। आग और सुरक्षा के लिए भर्ती होने वाले व्यक्तियों को अतिरिक्त रूप से निम्नलिखित भौतिक एवं चिकित्सा मानकों को पूरा करना होगा।<br>**7.1 लंबाई:**<br>पुरुष: न्यूनतम 165 से.मी. (गढ़वाली, असमी गोरखा और अ.ज.जा. की स्थिति में 5 से.मी. की छूट)<br>महिला: न्यूनतम 157 से.मी. (गढ़वाली, असमी गोरखा और अ.ज.जा. की स्थिति में 2.5 से.मी. की छूट)<br>**7.2 छाती:**<br>पुरुष: फुलाव के साथ 81 से.मी. और बिना फुलाव के साथ 86 से.मी. (न्यूनतम 5 से.मी. बिना फुलाव के साथ पूर्ण रूप से बिना फुलाव के साथ)<br>**7.3 वजन**<br>पुरुष - न्यूनतम 50 कि.ग्रा.<br>महिला - न्यूनतम 46 कि.ग्रा.<br>**अयोग्यता:**<br>35 वर्ष की आयु तक के उम्मीदवारों के लिए व्यवस्थित भागीदारी के साथ बीएमआई 28 से अधिक<br>35 वर्ष की आयु से अधिक के उम्मीदवारों के लिए व्यवस्थित भागीदारी के साथ बीएमआई 30 से अधिक<br>**7.4 चिकित्सा मानक:**<br>पुरुष एवं महिला दोनों के लिए<br>क) नजर - सही आँखें - बिना सहायता के 6/6 (पात्र दृष्टि - केवल 6/6) खराब आँखें - 6/12<br>ख) रंगों को लेकर कोई अंधापन नहीं<br>ग) रात को लेकर कोई अंधापन नहीं<br>घ) घुटने, फ्लैट पैर, स्क्विंट आंखें और हकलाना इत्यादि नहीं होना चाहिए | |

(क्रमशः)

# भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
# AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

## विभिन्न विभागों में प्रबंधकों और कनिष्ठ कार्यपालकों की भर्ती

विज्ञापन संख्या. 05/2020

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भा.वि.प्रा) भारत सरकार का सरकारी क्षेत्र का उपक्रम है । इसका गठन संसद के एक अधिनियम द्वारा किया गया। प्राधिकरण को देश में भूमि और हवाई दोनों में नागर विमानन अवसंरचना के सृजन, उन्नयन, रख-रखाव और प्रबंधन का दायित्व सौंपा गया है। भा.वि.प्रा को मिनी रत्न-श्रेणी-1 का दर्जा प्रदान किया गया है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा पात्र अभ्यर्थियों से निम्नलिखित पदों के लिए भा.वि.प्रा की वेबसाइट **www.aai.aero** के माध्यम से ऑन लाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। अन्य किसी माध्यम से कोई आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

| पद कोड | पदनाम | न्यूनतम योग्यताएँ | # अनुभव | रिक्तियों की संख्या एवं आरक्षण | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | कुल | सामान्य | ईडब्ल्यूएस | ओबीसी (एनसीएल) | एससी | एसटी | पीडब्ल्यूडी (सहित) |
| 1 | प्रबन्धक (अग्निशमन सेवा) | अग्निशमन इंजी / मेकेनिकल / ऑटोमोबाइल इंजी में बी ई / बी टेक डिग्री | अग्निशमन सेवा के क्षेत्र में कार्यपालक संवर्ग में कार्य करने का 5 वर्ष का अनुभव। | 11 | 06 | 01 | 03 | 01 | - | - |
| 2 | प्रबन्धक (तकनीकी) | मेकेनिकल अथवा ऑटोमोबाइल में बी ई / बी टेक डिग्री | वस्तुओं, सेवाओं, उपस्करों एवं वाहनों आदि के लिए सरकारी प्रापण प्रक्रियाओं का कार्यपालक संवर्ग मे 5 वर्ष का अनुभव। | 02 | 02 | - | - | - | - | - |
| 3 | कनिष्ठ कार्यपालक (वायु यातायात सेवाएँ) | भौतिकी एवं गणित सहित विज्ञान (बी एस सी) में तीन वर्ष की स्नातक डिग्री अथवा किसी भी विषय में इंजी में स्नातक डिग्री (किसी भी एक सेमेस्टर पाठ्यक्रम मे भौतिकी एवं गणित विषय अवश्य रहा हो)। | कोई अनुभव अनिवार्य नहीं। | 264 | 107 | 26 | 72 | 40 | 19 | - |
| 4 | कनिष्ठ कार्यपालक (एयरपोर्ट प्रचालन) | विज्ञान मे स्नातक और 2 वर्ष की अवधि का एम बी ए अथवा इंजी. मे स्नातक डिग्री | कोई अनुभव अनिवार्य नहीं। | 83 | 35 | 08 | 21 | 14 | 05 | 07 (एचएच) |
| 5 | कनिष्ठ कार्यपालक (तकनीकी) | मेकेनिकल अथवा ऑटोमोबाइल इंजी में बी ई / बी टेक डिग्री | कोई अनुभव अनिवार्य नहीं। | 08 | 05 | - | 02 | 01 | - | 01 (एचएच) |

**रिक्तियों की संख्या अनन्तिम है और भा.वि.प्रा के विवेक से इनमें वृद्धि या कमी की जा सकती है।**

प्रयुक्त संकेताक्षरः ईडब्ल्यूएस =इकोनिमिकली वीकर सेक्शन, एनसीएल= नॉन क्रीमी लेयर, एचएच= हियरिंग इम्पेयर्ड

# विभिन्न विषयों मे प्रबन्धक के पद के लिए आवेदन करने वाले निजी क्षेत्र के अभ्यर्थी निर्धारित तारीख (कट-ऑफ डेट) को 11 लाख रुपए प्रतिवर्ष का न्यूनतम सीटीसी प्राप्त कर रहे हो।

**टिप्पणी :-**

1. डिग्री / डिप्लोमा / प्रमाणपत्र / सदस्यता परीक्षा निम्नलिखित मे से किसी एक संस्थान से प्राप्त किया होना चाहिए :-
   (i) किसी मान्यता प्राप्त / डीम्ड यूनिवर्सिटी या भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त / डीम्ड किसी शीर्ष संस्थान अर्थात (आईआईटी / आईआईएम / एक्सएलआरआई / टीआईएसएस आदि) और
   (ii) अंकों का प्रतिशतः बैचलर डिग्री में न्यूनतम 60 प्रतिशत या इसके समकक्ष अंक और एमबीए सहित पी.जी डिग्री / डिप्लोमा में भी न्यूनतम 60 प्रतिशत या इसके समकक्ष अंक
2. बी.ई. / बी टेक / बी एससी (इंजी) डिग्री धारक उम्मीदवारों को उन पदों पर आवेदन करने की अनुमति है जिनके लिए इंजीनियरिंग में बैचलर डिग्री के रूप में अनिवार्य योग्यता निर्धारित की गई है।

<u>दिव्यांग (पीडब्ल्यूडी) के लिए चिन्हित उपयुक्त पद</u>

| पद कोड | दिव्यांग के लिए उपयुक्त नौकरियों की श्रेणियाँ | शारीरिक अपेक्षाएँ |
|---|---|---|
| 1 | - | - |
| 2, 5 | (ए) बहरा एवं सुनने में कठिनाई;<br>(बी) कुष्ठ रोग मुक्त, बौनापन, एसिड अटैक पीड़ित (ओएल) सहित लोकोमोटर विकलांगता।<br>(सी) उपरोक्त (ए) और (बी) में से कई विकलांगताएं। | एस, एसटी, एमएफ, एसई, बीएन, केसी, एच, सी |
| 3 | एसिड अटैक पीड़ित (एटीसी लाइसेंस के लिए आवश्यक मेडिकल मानकों के अधीन और मांसपेशियों की गति में प्रमुख प्रतिबंध के बिना) | एस, एसटी, बीएन, एच, सी, आरडब्ल्यू, एसई, एमएफ |
| 4 | (ए) बहरा एवं सुनने में कठिनाई,<br>(बी) कुष्ठ रोग मुक्त, बौनापन, एसिड अटैक पीड़ित (ओए, ओएल) सहित लोकोमोटर विकलांगता।<br>(सी) उपरोक्त (ए) और (बी) में से कई विकलांगताएं। | एस, एसटी, आरडब्ल्यू एमएफ, डब्ल्यू |

संक्षिप्तिकरण में प्रयुक्तः ओएः वन आर्म, ओएलः वन लेग, ओएएलः वन आर्म और वन लेग, बीएलः दोनों लेग, बीएलओएः दोनों लेग और एक आर्म, बीएलएः दोनों लेग आर्म, बीः ब्लाइंड, एलवीः लो विजन, एचएच : श्रवण बाधित, एलसीः कुष्ठ रोग मुक्त, ओएचः आर्थोपेडिक रूप से बाधित , वीएचः दृष्टि बाधित

एसः सिटिंग, एसटीः स्टैंडिंग, आरडब्ल्यूः रीडिंग एंड राइटिंग, एचः हियरिंग, सीः कम्युनिकेशन, डब्ल्यूः वॉकिंग, एसईः सीइंग, एमएफः मैनिपुलेशन बाई फिंगर्स, बीएनः बेंडिंग, पीपीः पुलिंग एंड पुशिंग, एलः लिफ्टिंग, केसीः नीलिंग एन्ड क्राउचिंग

पद के लिए उपयुक्त दिव्यांगता की विभिन्न श्रेणियों की परिभाषा आरपीडब्ल्यूडी एक्ट 2016 के अंतर्गत परिभाषित की गई है।

<u>आयु सीमाः</u>

प्रबन्धक : 30.11.2020 को अधिकतम 32 वर्ष की आयु

कनिष्ठ कार्यपालकः 30.11.2020 को अधिकतम 27 वर्ष की आयु

<u>आयु में छूट</u>

(i) अधिकतम आयु सीमा में छूट पीडब्ल्यूडी के अभ्यर्थी के लिए **10 वर्ष**, एससी / एसटी के अभ्यर्थी के लिए **5 वर्ष** और ओबीसी (नॉन क्रीमी लेयर) के अभ्यर्थी के लिए **3 वर्ष** है। ओबीसी (एनसीएल) श्रेणी के लिए आरक्षित रिक्तियों का अभिप्राय इस बारे में भारत सरकार के मार्गनिर्देशों के अनुसार नॉन-क्रीमी लेयर से संबन्धित अभ्यर्थी है।

(ii) जो अभ्यर्थी 01.01.1980 से 31.12.1989 तक की अवधि के दौरान मूल रूप से जम्मू व कश्मीर राज्य के अधिवासी रह चुके हैं, उन सभी अभ्यर्थी को अधिकतम आयु सीमा मे **5 वर्ष** की छूट दी जाएगी और उन अभ्यर्थियों को दस्तावेजों के सत्यापन / साक्षात्कार के समय इस बारे में जिला न्यायाधीश / ब्लॉक डवलपमेंट अधिकारी / सब डिवीजनल अधिकारी द्वारा जारी किया गया प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।

(iii) भूतपूर्व सैनिक के लिए भारत सरकार द्वारा समय-समय पर निर्धारित आदेश के अनुसार आयु सीमा में छूट की अनुमति होगी।

(iv) जो अभ्यर्थी भाविप्रा की नियमित सेवा में हैं, उन्हें अधिकतम आयु सीमा में **10 वर्ष** की छूट की अनुमति होगी।

(v) मैट्रिक / सेकैण्डरी परीक्षा के प्रमाणपत्रों में दर्ज जन्म की तारीख को ही स्वीकार किया जाएगा। जन्म की तारीख में परिवर्तन के लिए बाद के किसी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

<u>महत्वपूर्ण तिथियाँ</u>

| इवेंट | तारीख |
|---|---|
| ऑन-लाइन आवेदन आरंभ होने की तिथि | 15.12.2020 |
| ऑन लाइन आवेदन की अंतिम तिथि | 14.01.2021 |
| ऑन-लाइन परीक्षा अनंतिम तिथि (विभागवार) | भाविप्रा वेबसाइट- www.aai.aero पर घोषित की जाएगी। |

<u>पारिश्रमिक</u>

<u>वेतनमान (आईडीए) :-</u>

प्रबन्धक (ई-3) :- रुपए 60000-3%-180000

कनिष्ठ कार्यपालक (ई-1) :- रुपए 40000-3%-140000

(क्रमशः)

**परिलब्धियाँ:**

मूल वेतन के अतिरिक्त महंगाई भत्ता, मूल वेतन के अतिरिक्त 35% के दर से पर्क्स, एचआरए तथा अन्य लाभ जिसमें सीपीएफ, ग्रेच्युटी, सामाजिक सुरक्षा योजनाएँ, चिकित्सा लाभ आदि शामिल है, भाविप्रा के नियमों के अनुसार प्राप्त होंगे।

**प्रबन्धक के पद के लिए सीटीसी लगभग 18 लाख (अनुमानित) और कनिष्ठ कार्यपालक के पद के लिए लगभग 12 लाख (अनुमानित) प्रतिवर्ष दिया जाएगा।**

**महत्वपूर्ण अनुदेश :**

(i) पात्रता मानदंड पूरा करने वाले भारतीय नागरिक ही उपयुक्त पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं।

(ii) जिन उम्मीदवारों के अंतिम परीक्षा के परिणाम घोषित किए जाने हैं उन्हें भी ऑनलाइन परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जाएगी बशर्ते कि वे दस्तावेजों के सत्यापन के समय अंतिम परीक्षा परिणाम प्रस्तुत कर दें।

(iii) आयु, अनुभव और अन्य सभी पात्रता मानदंडों की गणना **30.11.2020** की स्थिति के अनुसार की जाएगी।

(iv) भारत सरकार के मार्गनिर्देशो के अनुसार ओबीसी (एन सी एल) श्रेणी के लिए आरक्षित रिक्तियाँ केवल नॉन क्रीमी लेयर से संबन्धित ओबीसी अभ्यर्थियो को ही उपलब्ध होगी।

(v) ओबीसी प्रमाणपत्र : ओबीसी के लिए आरक्षित पदों के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थी यह नोट करें कि उन्हें इस प्रयोजन के लिए निर्धारित प्रपत्र में भारत सरकार द्वारा जारी की गई ओबीसी की केंद्रीय सूची में ओबीसी समुदाय से अपनी संबद्धता के समर्थन में दस्तावेजों के सत्यापन/साक्षात्कार के समय वैध ओबीसी (एनसीएल) प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा ताकि यह सिद्ध हो सके कि वे ओबीसी की "क्रीमी लेयर" के नहीं हैं। अभ्यर्थी द्वारा अपनी नियुक्ति से पूर्व एक घोषणापत्र भी प्रस्तुत करना होगा कि वह ओबीसी की क्रीमी लेयर के नहीं हैं। शैक्षणिक प्रयोजन से प्रवेश पाने के लिए ओबीसी (नॉन क्रीमी लेयर प्रमाणपत्र) पर विचार नहीं किया जाएगा।

(vi) एससी/एसटी प्रमाणपत्र – एससी/एसटी श्रेणी के अभ्यर्थियों को दस्तावेजों के सत्यापन/साक्षात्कार के समय सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया जाति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।

(vii) ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र – ईडब्ल्यूएस श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए निर्धारित प्रारूप में ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा ताकि दस्तावेजों के सत्यापन / साक्षात्कार के समय यह साबित हो सके कि वे 'ईडब्ल्यूएस श्रेणी' से संबंधित हैं।

(viii) सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया एससी/एसटी/ओबीसी (एन सी एल)/ईडब्ल्यूएस/दिव्यांगता प्रमाणपत्र या तो हिन्दी या अंग्रेजी में होना चाहिए। जाति के नाम में किसी परिवर्तन को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(ix) जहां अनिवार्य योग्यता में अर्हक डिग्री में विशेषज्ञ होना अपेक्षित है, अभ्यर्थी द्वारा अर्हक डिग्री में विशिष्टता का विशेष रूप से स्पष्ट उल्लेख करते हुए विश्वविद्यालय/ संस्थान का एक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अपेक्षित होगा।

(x) इंजीनियरिंग में इंटिग्रेटेड मास्टर डिग्री के मामले में, अभ्यर्थी को दस्तावेजों के सत्यापन/साक्षात्कार के समय विश्वविद्यालय/ संस्थान द्वारा जारी की गई स्नातक डिग्री और अंक तालिका प्राप्त करने के समर्थन में एक प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।

(xi) उम्मीदवार को विशेष रूप से आवेदन के उपयुक्त कॉलम में प्राप्त अंकों का प्रतिशत (निकटतम दो दशमलव तक की गणना) का उल्लेख करना होगा। जहाँ अंको का प्रतिशत विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान नहीं किया जाता है, लेकिन केवल सीजीपीए / ओजीपीए/ डीजीपीए / सीपीआई आदि से दिया जाता है, तो उसे इस संबंध में विश्वविद्यालय के रूपांतरण मानदंडों के अनुसार प्रतिशत में परिवर्तित किया जाएगा। दस्तावेज सत्यापन के लिए उम्मीदवार को बुलाए जाने पर अंकों के प्रतिशत की समकक्षता के साक्ष्य के रूप में विश्वविद्यालय /संस्थान द्वारा जारी किए गए समकक्ष प्रमाण पत्र / दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे।

(xii) किसी भी परिस्थिति में नियुक्ति के लिए अंकों के प्रतिशत का अगले पूर्णांक में लाना स्वीकार्य नहीं होगा अर्थात **59.99 %** को **60%** से कम माना जाएगा।

(xiii) परिणाम घोषित होने/ अंक तालिका जारी होने की तारीख को अर्हता प्राप्त करने की तारीख माना जाएगा और इस बारे में कोई छूट नहीं दी जाएगी।

(xiv) उम्मीदवार प्रत्येक पद के लिए अलग–अलग पंजीकरण के साथ कई पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं, बशर्ते कि वे पद के लिए आवश्यक अन्य सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं और प्रत्येक पद के लिए अलग से लागू शुल्क जमा करना होगा।

(xv) सार्वजनिक उपक्रमों से आने वाले कर्मचारियों के मामले में (आईडीए पे–स्केल पर आधारित): भाविप्रा में सीधी भर्ती के माध्यम से आए सभी पात्र कर्मचारियों को वैयक्तिक वेतन के रूप में अधिकतम 3 (तीन) वेतन वृद्धि तक की वेतन सुरक्षा दी जाएगी और उम्मीदवार का प्रारंभिक मूल वेतन उस वेतनमान के शुरूआती स्तर पर तय किया जाएगा, जिसके लिए उसका चयन किया गया है। इस उद्देश्य के लिए वेतन का अर्थ है मूल वेतन। उच्च वेतन / वेतन संशोधन में वेतन निर्धारण के दौरान वैयक्तिक वेतन के उक्त घटक को अवशोषित किया जाएगा। वैयक्तिक वेतन एक अलग घटक के रूप में दिखाया जाएगा और डीए सहित किसी भी उद्देश्य के लिए उसकी गणना नही की जाएगी।

(xvi) केंद्रीय/ राज्य सरकार के मंत्रालयों / विभागों से आने वाले कर्मचारियों के मामले में (सीडीए वेतनमान पर आधारित ): भाविप्रा में सीधी भर्ती के माध्यम से सभी पात्र कर्मचारियों को वैयक्तिक वेतन के रूप में अधिकतम 3 (तीन) वेतन वृद्धि तक की वेतन सुरक्षा दी जाएगी, और उम्मीदवार का प्रारंभिक मूल वेतन उस वेतनमान के शुरूआती स्तर पर तय किया जाएगा, जिसके लिए उसका चयन किया गया है। इस उद्देश्य के लिए वेतन का अर्थ है मूल वेतन +डीए। उच्च वेतन/ वेतन संशोधन में वेतन निर्धारण के दौरान वैयक्तिक वेतन के उक्त घटक को शामिल किया जाएगा। वैयक्तिक वेतन एक अलग घटक के रूप में दिखाया जाएगा और डीए सहित किसी भी उद्देश्य के लिए उसकी गणना नहीं की जाएगी।

**चयन प्रक्रिया :**

(i) पदों के लिए आवेदन करने से पूर्व अभ्यर्थी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह विज्ञापन में दिए गए पात्रता और अन्य मानदंडों को पूरा करता/करती है। गलत/झूठी सूचना देने को अयोग्यता माना जाएगा और भाविप्रा ऐसी गलत/झूठी सूचना देने के किसी परिणाम के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।

(ii) आवेदन पत्र में प्रस्तुत विवरण के आधार पर, उम्मीदवारों को ऑन–लाइन परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा और उनके अनुसार एडमिट कार्ड जारी किए जाएंगे। ऑनलाइन परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड पात्र उम्मीदवारों को उनके पंजीकृत ई–मेल आईडी पर ही भेजा जाएगा।

(iii) उम्मीदवारों के द्वारा दर्शाए गए गलत उत्तर के लिए कोई ऋणात्मक अंकन नहीं किया जाएगा।

(iv) ऑनलाइन परीक्षा में अभ्यर्थियो के कार्य निष्पादन के आधार पर उन्हें दस्तावेज सत्यापन/ साक्षात्कार/फिजिकल मेजरमेंट एंड एण्ड्युरेंस टेस्ट/ ड्राइविंग टेस्ट/ वाइस टेस्ट जो भी पद के लिए लागू हो, के लिए बुलाया जाएगा।

(v) दस्तावेज सत्यापन/साक्षात्कार/फिजिकल मेजरमेंट एंड एण्ड्युरेंस टेस्ट/ड्राइविंग टेस्ट/वाइस टेस्ट, जो भी पद के लिए लागू हो, के लिए शार्ट लिस्ट किए गए अभ्यर्थियों के रोल नंबर केवल भाविप्रा की वेबसाइट पर डाले जाएंगे। शॉर्टलिस्ट अभ्यर्थियों को कॉल लेटर केवल उनके पंजीकृत ई–मेल आई डी पर ही भेजा जाएगा।

(vi) केंद्रीय सरकार/राज्य सरकार/स्वायत्त निकाय / सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में पहले से ही कार्यरत अभ्यर्थियों को दस्तावेजों के सत्यापन/साक्षात्कार के समय अपने मौजूदा नियोक्ता से "अनापत्ति प्रमाणपत्र" (एनओसी) प्रस्तुत करना अपेक्षित होगा अन्यथा उनकी अभ्यर्थिता पर विचार नहीं किया जाएगा। एनओसी के स्थान पर चयन होने पर त्यागपत्र देने का वचन, आवेदित अनापत्ति प्रमाणपत्र की पावती/त्यागपत्र, अनुभव प्रमाणपत्र आदि जैसे अन्य दावों पर विचार नहीं किया जाएगा।

(vii) दस्तावेजों के सत्यापन/साक्षात्कार के दौरान अभ्यर्थी को अपनी पहचान के साक्ष्य और प्रमाणपत्रों की स्वतः सत्यापित फोटो प्रतियों के एक सेट सहित मूल प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने होंगे। यदि किसी अभ्यर्थी की पहचान संदिग्ध पाई जाती है या वह अपेक्षित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाता/पाती है या सूचना दस्तावेजों से मेल नहीं खाती तो उसकी अभ्यर्थिता अस्वीकार कर दी जाएगी। मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा।

(viii) प्रबंधक (अग्निशमन सेवा) के पद के लिए, ऑन–लाइन परीक्षा के बाद दस्तावेज सत्यापन, शारीरिक मापन और सहनशक्ति परीक्षण जिसमें रनिंग, कैजुएल्टी कैरिंग, पोल क्लाइम्बिंग, सीढ़ी चढ़ना और रस्सी पर चढ़ना और ड्राइविंग टेस्ट शामिल होंगे।

(ix) प्रबंधक (अग्निशमन सेवा) पद के लिए चयनित उम्मीदवारों को दस्तावेज सत्यापन / ड्राइविंग टेस्ट के समय लाइट मोटर व्हीकल लाइसेंस प्रस्तुत करना आवश्यक है, ऐसा करने में असफल होने पर, उम्मीदवारों की उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा। अस्थायी/ लर्निंग लाइसेंस स्वीकार नहीं किया जाएगा। केवल वे अभ्यर्थी, जो शारीरिक मापन और सहनशक्ति परीक्षण और ड्राइविंग टेस्ट उत्तीर्ण करते हैं, उन्हें ही साक्षात्कार के लिए उपस्थित होने की अनुमति दी जाएगी। चयन होने पर, उम्मीदवार को दो साल के भीतर भारी वाहन ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करना होगा, ऐसा करने में असफल होने पर वे पदोन्नति और तीसरी वार्षिक वेतन वृद्धि से आगे के लिए वेतन वृद्धि के लिए अयोग्य माने जाएंगे।

(x) कनिष्ठ कार्यपालक (विमानपत्तन प्रचालन) के पद के लिए, लाइट मोटर व्हीकल लाइसेंस आवश्यक है। अस्थायी / लर्निंग लाइसेंस स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(xi) कनिष्ठ कार्यपालक (वायु यातायात नियंत्रक) के पद के लिए ऑनलाइन परीक्षा के बाद दस्तावेजों के सत्यापन, वॉयस टेस्ट परीक्षा ली जाएगी और बैकग्राउंड वेरिफिकेशन होगा। अभ्यर्थी को 10+2 कक्षा के स्तर तक की बोली और लिखी जाने वाली अंग्रेजी भाषा में न्यूनतम दक्षता होनी चाहिए। अभ्यर्थी ने 10 वीं या 12 वीं कक्षा में एक विषय के रूप में अंग्रेजी उत्तीर्ण की हो। चयन होने पर उन्हें लाइसेन्स अथॉरिटी या रेटिंग जारी होने के प्रयोजन से ईकाओ लैंग्वेज मिनिमम प्रोफिसिएन्सी लेवल–4 (प्रचालनात्मक) भी प्राप्त करना होगा। जो अभ्यर्थी प्रशिक्षण के दौरान ईकाओ प्रोफिसिएन्सी लेवल–4 या उससे ऊपर का लेवल प्राप्त नहीं कर पाता है तो उसकी सेवाएँ समाप्त की जा सकती है।

(xii) उम्मीदवारों का अनंतिम चयन वरीयता सूची के अनुसार होगा, जिसे निर्धारित अन्य सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करने के अधीन ऑन–लाइन परीक्षा / साक्षात्कार /शारीरिक मापन और सहनशक्ति परीक्षण / ड्राइविंग टेस्ट/ वॉयस टेस्ट और पृष्ठभूमि सत्यापन (कनिष्ठ कार्यपालक (एटीसी), पद के लिए लागू) में उनके प्रदर्शन के आधार पर तैयार किया जाएगा।

(xiii) नियुक्ति के लिए अनंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों के रोल नंबर भाविप्रा की वेबसाइट पर डाले जाएंगे। अनंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र उनके पंजीकृत ई–मेल आईडी पर ही भेजा जाएगा। कनिष्ठ कार्यपालक (एटीसी) और प्रबन्धक (अग्निशमन सेवा ) के पद के लिए चुने गए उम्मीदवारों को प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा जिसके दौरान उन्हें अन्य स्वीकार्य भत्तों के सहित मूल वेतन का भुगतान किया जाएगा।

(xiv) उम्मीदवारों का चयन अनंतिम होगा, जो कि पात्रता मानदंड, चरित्र और पूर्ववृत्त /पृष्ठभूमि की जांच, जाति प्रमाण पत्र / अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन–क्रीमी लेयर प्रमाणपत्र) / ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र और उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत अन्य दस्तावेजों से संबंधित दस्तावेजों के सत्यापन के अधीन होगा और यह पद के लिए लागू अपेक्षित चिकित्सा मानकों और भाविप्रा के नियमों के तहत नियुक्तियों के लिए लागू और अन्य आवश्यकताओं के अधीन भी है।

(xv) कनिष्ठ कार्यपालक (एटीसी) और प्रबन्धक (अग्नि शमन सेवा) के पद के लिए चुने गए उम्मीदवारों को प्रशिक्षण पूरा होने पर भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण में 03 वर्ष कि सेवा अवधि के लिए क्रमशः रुपए सात लाख और रुपए पांच लाख की राशि के लिए एक जमानत बंध–पत्र निष्पादित करना होगा।

(xvi) चयनित उम्मीदवारों को भारत में कहीं भी तैनात किया जा सकता है।

(क्रमशः)

**कदाचार के विरुद्ध कार्रवाई :**

(I) अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे सही सूचना दें और वे कोई ऐसा दस्तावेज / सूचना न दें जो झूठी, मिथ्या, मनगढ़त हों और उन्हें "ऑनलाइन" आवेदन भरते समय कोई महत्वपूर्ण सूचना छिपानी नहीं चाहिए ।

(II) भर्ती की किसी अवस्था या उसके बाद यदि कोई अभ्यर्थी नीचे दिए गए किसी कदाचार का दोषी पाया जाता है जैसे :–

(क) छद्मवेश या किसी अन्य व्यक्ति द्वारा छद्मवेश धारणा करना, या

(ख) चयन प्रक्रिया के दौरान अपनी अभ्यर्थिता के संबंध में किसी अनियमित साधन का सहारा लेना, या

(ग) किसी साधन द्वारा अपनी अभ्यर्थिता के लिए किसी भी रूप में कनवैसिंग/अनुचित प्रभाव का उपयोग करना, या

(घ) झूठे प्रमाण पत्र / दस्तावेज / सूचना प्रस्तुत करना या किसी भी अवस्था में महत्वपूर्ण सूचना छिपाना, या

(ङ) परीक्षा के लिए उपस्थित होने या उसके बाद अपनी श्रेणी (एससी/एसटी/ओबीसी(एनसीएल)/पीडब्ल्यूडी/भूतपूर्व सैनिक/भाविप्रा शिशु (अप्रेन्टिस) के संबंध में गलत सूचना देने पर उसकी अभ्यर्थिता को तत्काल अस्वीकार कर दिया जाएगा और अन्य कोई कार्रवाई आरंभ करने या कानूनी कार्रवाई , जो भी उचित समझी जाए, करने के अतिरिक्त उस सेवा से बर्खास्त कर दिया जाएगा ।

**आवेदन कैसे करें:–**

पद के लिए आवेदन करने से पहले, उम्मीदवार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह विज्ञापन में वर्णित पात्रता और अन्य मानदंडों को पूरा करता हो । गलत/झूठी सूचनाओं को प्रस्तुत करना अयोग्यता मानी जाएगी और भाविप्रा ऐसी गलत / झूठी सूचनाओं को प्रस्तुत करने के किसी भी परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे ऑन–लाइन आवेदन करने से पहले निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें और ऑन–लाइन आवेदन के मुख्य निर्देश पृष्ठ पर दिए गए सभी निर्देशों को देखें:

(i) उम्मीदवारों को "CAREERS" टैब के तहत www.aai.aero पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से ऑन–लाइन आवेदन करना आवश्यक है। किसी भी परिस्थिति में आवेदन जमा करने का कोई अन्य साधन / मोड स्वीकार नहीं किया जाएगा ।

(ii) अपूर्ण आवेदन को सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा।

(iii) उम्मीदवारों के पास एक वैध व्यक्तिगत ई–मेल आईडी और मोबाइल नंबर होना चाहिए। इस भर्ती प्रक्रिया के दौरान इसे सक्रिय रखा जाना चाहिए। उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे भाविप्रा से किसी भी जानकारी के लिए नियमित रूप से अपने ई–मेल / एएआई की वेबसाइट की चेक करते रहें।

(iv) ऑन–लाइन आवेदन भरना शुरू करने से पहले, उम्मीदवारों के पास निम्नलिखित विवरण / दस्तावेज / जानकारी उपलब्ध होनी चाहिए:

(ए) मान्य ई–मेल आईडी: भर्ती प्रक्रिया पूरी होने तक ऑनलाइन आवेदन पत्र में दर्ज ई–मेल आईडी सक्रिय रहनी चाहिए। एक बार पंजीकृत होने के बाद ई–मेल आईडी में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। इस भर्ती के संबंध में सभी पत्राचार पंजीकृत ई–मेल आईडी पर किए जाएंगे, जिसमें शॉर्टलिस्ट किए गए ऑन–लाइन परीक्षा और दस्तावेज सत्यापन के लिए कॉल लेटर / इंटरव्यू के लिए एडमिट कार्ड शामिल हैं।

(बी) आवेदन में स्कैन किया गया नवीनतम पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटोग्राफ (03 महीने से अधिक पुराना नहीं) और डिजिटल प्रारूप में स्कैन किए गए हस्ताक्षर (नीचे दिए गए डायमेंशन के अनुसार) अपलोड किया जाना चाहिए।

(सी) पात्रता मानदंड अर्थात शैक्षिक योग्यता, जाति प्रमाण पत्र [एससी / एसटी /ओबीसी (एनसीएल)], ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र, विकलांगता प्रमाण पत्र, पूर्व सैनिकों के मामले मे निर्वहन प्रमाण पत्र, भाविप्रा से प्राप्त अपरेंटिस प्रमाण पत्र से संबंधित सभी प्रासंगिक दस्तावेज / विवरण आदि।

v) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे किसी भी समाचार पत्र / वेबसाइटों / मोबाइल ऐप आदि में धोखा देने वाले विज्ञापनों का जवाब न दें। किसी भी जानकारी की प्रामाणिकता के लिए, उम्मीदवार केवल भाविप्रा की वेबसाइट www.aai.aero पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन देख सकते हैं।

**आवेदन शुल्क और संशोधन का तरीका:**

- उम्मीदवारों द्वारा आवेदन शुल्क के रूप में रु1000/– (रुपये एक हजार केवल) भुगतान किया जाना है। एससी /एसटी / महिला उम्मीदवारों द्वारा केवल रु. 170 / – (एक सौ सत्तर रुपये) का भुगतान किया जाना है। हालांकि, पीडब्ल्यूडी और भाविप्रा में जिन प्रशिक्षुओं ने एक वर्ष प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है, उन्हें किसी भी प्रकार के शुल्क के भुगतान से छूट दी गई है। शुल्क का भुगतान केवल ऑनलाइन मोड के माध्यम से किया जाना है। किसी अन्य मोड द्वारा प्रस्तुत शुल्क स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- आवेदन पत्र भुगतान गेटवे के साथ एकीकृत है और निर्देशों का पालन करके भुगतान प्रक्रिया पूरी की जा सकती है।
- सबमिट बटन पर क्लिक करने पर, उम्मीदवार को एसबीआई एमओपीएस भुगतान पोर्टल पर नेविगेट किया जाएगा। उम्मीदवारों को इंटरनेट बैंकिंग / डेबिट / क्रेडिट कार्ड के माध्यम से आवश्यक परीक्षा शुल्क ऑनलाइन जमा करना आवश्यक है। चयनित भुगतान की विधि के लिए लागू शुल्क /कमीशन उम्मीदवार द्वारा वहन किया जाएगा।
- भुगतान पूरा होने के बाद, उम्मीदवार को स्वचालित रूप से आवेदन पोर्टल पर पुनः निर्देशित किया जाएगा। उम्मीदवार प्रस्तुत किए गए आवेदन का प्रिंटआउट ले सकते हैं और भविष्य में संदर्भ के लिए इसे अपने पास रखने की सलाह दी जाती है। प्रिंटआउट को भाविप्रा कार्यालय को भेजने की आवश्यकता नहीं है।
- एक बार भुगतान किया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि के बाद, यदि कोई डुप्लिकेट भुगतान हो, वापस कर दिया जाएगा।

**फोटो और हस्ताक्षर स्कैन करने से संबन्धित अनुदेश**

स्कैन की गई अपनी फोटो और हस्ताक्षर की इमेज को अपलोड निम्नलिखित विनिर्देशों के अनुसार करना चाहिए :–

क) **फोटो इमेज :**

- फोटो अनिवार्यतः हाल ही में खिंचाया गया पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटो होना चाहिए (3 महीने से पुराना नहीं)।
- टोपी/हैट/गहरे रंग का चश्मा लगाकर खिंचाई गई फोटो स्वीकार नहीं की जाएगी । रिलीजियस हेडवियर की अनुमति है परंतु इससे चेहरा ढका नहीं होना चाहिए ।
- स्कैन की गई नवीनतम फोटो वाली फाइल का साइज 20केबी –50 केबी होना चाहिए और इसका माप 200X230 पिक्सल्स ही होना चाहिए ।

ख) **हस्ताक्षर इमेज**

- अभ्यर्थी को काली स्याही वाले पेन से सफेद कागज पर हस्ताक्षर करने होंगे ।
- हस्ताक्षर वाली फाइल का साइज 10 केबी– 20 केबी के बीच का होना चाहिए और इसका माप (अधिमानतः) 140X60 पिक्सल्स ही होना चाहिए ।

**सामान्य अनुदेश**

क) आवेदन प्रस्तुत करने से पहले अभ्यर्थी को यह अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वह विज्ञापन में दिए गए पात्रता मानदंड और अन्य मानदंडों को पूरा करता है/करती है । आवेदन को अंततः प्रस्तुत करने से पूर्व यह आवेदन में दी गई सूचना जैसे जन्म की तारीख, श्रेणी, उप श्रेणी (एससी/एसटी/ओबीसी(एनसीएल)/ पीडब्ल्यूडी / ईडब्ल्यूएस/भूतपूर्व सैनिक) और ई–मेल आईडी आदि की पुनः जांच कर सकता है /सकती है क्योंकि बाद में इनमें कोई बदलाव करना संभव नहीं है ।

ख) अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे इस विज्ञापन में निर्दिष्ट आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख से काफी पहले ही अपने ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर दे और इंटरनेट पर भारी दबाव हो जान/वेबसाइट अटक जाने / डिसकनेक्ट हो जाने के कारण भाविप्रा की वेबसाइट के डिसकनेक्ट होने/इनेबल होने/फेलियर होने की संभावना से बचने के लिए अंतिम तारीख की प्रतीक्षा न करें।

ग) भाविप्रा उपर्युक्त कारणों या भाविप्रा के नियंत्रण से परे किसी अन्य कारण से अंतिम तारीख को अपने आवेदन प्रस्तुत न कर पाने में असमर्थ अभ्यर्थियों के लिए कोई जिम्मेदार नहीं होगा ।

घ) ऑनलाइन परीक्षा देश भर के विभिन्न मुख्य शहरों में आयोजित की जाएगी । अभ्यर्थियों की संख्या के अनुसार परीक्षा केन्द्रों की संख्या बढ़ाई या घटाई जा सकती है और ऐसी स्थिति में अभ्यर्थियों को उनके द्वारा निर्दिष्ट परीक्षा केन्द्रों से भिन्न किसी अन्य स्थान पर परीक्षा देने के लिए कहा जा सकता है ।

ङ) पात्रता मानदंड, आवेदनों की स्वीकृति या अस्वीकृति, पद पर चयन के तरीके आदि के बारे में सभी अभ्यर्थियों पर भाविप्रा का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा । न्यूनतम अर्हता, अनुभव और कार्य अपेक्षाओं को पूरा कर लेने मात्र से ही अभ्यर्थियों को सत्यापन/साक्षात्कार के लिए बुलाया जाने का उनका कोई अधिकार निहित नहीं हो जाएगा। पात्र न पाए गए तथा सत्यापन/साक्षात्कार के लिए न बुलाए गए अभ्यर्थियों के किसी प्रकार के पत्राचार पर कोई विचार नहीं किया जाएगा ।

च) भाविप्रा के पास बिना कोई सूचना और कोई कारण बताए बिना , चाहे वह कुछ भी क्यों न हो, भर्ती प्रक्रिया में आशोधन/परिवर्तन करने/प्रतिबंध लगाने/दायरा बढ़ाने/निरस्त करने, जो भी आवश्यक समझा जाए, का अधिकार सुरक्षित है ।

छ) अभ्यर्थियों से सभी पत्राचार ई–मेल आईडी के माध्यम से किए जाएंगे और सभी सामान्य सूचनाएँ भाविप्रा की वेबसाइट के माध्यम से दी जाएंगी । दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाए जाने/नियुक्ति की पेशकश करने/अन्य कोई सूचना देने वाले पत्र को प्राप्त करने, डाउनलोड करने और प्रिंट करने की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी । यदि कोई अभ्यर्थी अपना मेल/वेबसाइट समय पर देख नहीं पाता तो भाविप्रा अभ्यर्थी द्वारा उपलब्ध कराई गई अवैध/गलत ई–मेल आईडी के कारण भेजी गई है – मेल प्राप्त न होने या सूचना प्राप्ति में विलंब होने / सूचना प्राप्त न होने के लिए जिम्मेदार नहीं होगा ।

ज) यदि अभ्यर्थी द्वारा दी गई सूचना झूठी पाई जाती है या इस विज्ञापन में दिए गए पात्रता मानदंड के अनुरूप नहीं पाई जाती तो पंजीकृत अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता को भर्ती प्रक्रिया की किसी भी अवस्था में या भर्ती होने/कार्यभार गृहण करने के बाद अस्वीकार किया जा सकता है।

झ) भाविप्रा केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकार/स्वायत्त निकाय/सरकारी क्षेत्र के उपक्रम में पहले से ही कार्यरत किसी अभ्यर्थी के पिछले नियोजन के सेवा बंध–पत्र /वेतन/अवकाश वेतन/पेंशन अंशदान आदि, यदि कोई हो, के कारण कोई जिम्मेदारी वहन नहीं करेगा ।

ञ) ऑनलाइन परीक्षा के लिए उपस्थित होने के लिए कोई यात्रा भत्ता / महंगाई भत्ता नहीं दिया जाएगा ।

ट) इस संबंध मे किसी विवाद के लिए न्यायालय का न्यायाधिकार क्षेत्र दिल्ली होगा ।

ठ) इस भर्ती से संबन्धित भावी सभी पत्राचार/सूचनाएँ भाविप्रा के वेबसाइट पर उपलब्ध होंगी। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपना ई–मेल अकाउंट और अगली नई सूचनाओं के लिए भाविप्रा की वेबसाइट www.aai.aero देखते रहें।

ड) इस विज्ञापन में किसी विवाद के मामले में रोजगार सूचना में इसके अंग्रेजी रूपान्तरण को ही वैध माना जाएगा ।

ढ) ऑनलाइन परीक्षा द्विभाषी होगी अर्थात हिन्दी और अंग्रेजी ।

(पृष्ठ 3 का शेष)

6. एसपीपीटी के लिए चयनित किए गए उम्मीदवार के अंतर्गत अंतिम चरण के लिए लिखित परीक्षा के अंकों की टाई के मामले में, ऐसे सभी उम्मीदवारों को एसपीपीटी के लिए बुलाया जाएगा, भले ही कुल संख्या निर्धारित अनुपात से अधिक हो, यदि सूची बनाते समय अंतिम स्थिति से पहले कहीं भी ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है, तो निर्धारित अनुपात के अनुसार अंतिम नाम/अंतिम कुछ नाम समाप्त कर दिए जाएंगे।
7. श्रेणी के आधार पर मैरिट लिस्ट कथित शॉर्ट लिस्ट एवं लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार की जाएगी, यह लिस्ट उन उम्मीदवारों के लिए निकाली जाएगी, जो उम्मीदवार एसपीपीटी में पास हुए है।
8. मैरिट लिस्ट में अंतिम स्थान के लिए अंकों की टाई के मामले में, उम्मीदवारों की जन्म तिथि (उम्र से वरिष्ठ) को मान्यता देते हुए उनका नाम मैरिट लिस्ट में डाला जाएगा। हालाँकि, अंतिम नाम के रूप में जूनियर का नाम भी कथित तौर पर उक्त मैरिट लिस्ट में रखा जाएगा। यदि सूची बनाते समय अंतिम स्थिति से पहले कहीं भी ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है, तो सूची में अंतिम नाम/अंतिम कुछ नाम, निर्धारित अनुपात के रूप में समाप्त हो जाएंगे।
9. पीडब्ल्यूबीडी और भूतपूर्व सैनिकों से संबंधित उम्मीदवार, यदि उपयुक्त पाए जाते हैं, तो क्षैतिज आरक्षण नीति के आधार पर मैरिट सूची (श्रेणी के भीतर योग्यता के क्रम में) में उनके पद के बावजूद आरक्षित रिक्ति के विरुद्ध विचार किया जाएगा।
10. आवेदक की उम्मीदवारी अनंतिम होगी और चयन प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर प्रमाण पत्र/प्रशंसापत्र, अनुभव इत्यादि सत्यापन के अधीन होगी, चयन प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर, यदि यह पाया जाता है कि उम्मीदवार ने झूठी या गलत जानकारी दी है तो ऐसे में उम्मीदवार की उम्मीदवारी/नियुक्ति को निरस्त कर दिया जाएगा।
11. यदि इनमें से कुछ रिक्तियां उपलब्ध उम्मीदवारों की अयोग्यता या उम्मीदवारों की संख्या में अपर्याप्तता के कारण भरी नहीं गई हैं तो रिक्त पदों को भरना पूरी तरह से उम्मीदवारों की उपयुक्तता के आधार पर प्रबंधन के विवेक पर है और नियुक्ति के लिए कोई दावा नहीं किया जाएगा।
12. प्रबंधन का निर्णय ही अंतिम माना जाएगा और जो कि सभी उम्मीदवारों पर जिसमें पात्रता, आवेदन की स्वीकृति या अस्वीकृति, चयन प्रक्रिया, चयन प्रक्रिया को आंशिक या पूर्ण रूप से निरस्त आदि शामिल है, बाध्यकारी होगा और इस संबंध में किसी भी प्रकार का पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**ट. पूर्व-रोज़गार चिकित्सा और शारीरिक स्वस्थता:**

1. उम्मीदवारों को यह सलाह दी जाती है कि वे इंडियन ऑयल पूर्व-रोज़गार चिकित्सा मापदंडों के अनुसार शारीरिक रूप से स्वस्थ होने चाहिए। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन प्रक्रिया के शुरू होने से पहले पूर्व-रोज़गार चिकित्सा परीक्षा के लिए मापदंडों एवं दिशानिर्देशों को ध्यानपूर्वक देखें और स्वयं को शारीरिक मापदंडों के अनुसार संतुष्ट करें। शारीरिक स्वास्थता संबंधी दिशानिर्देश आवेदन पोर्टल https://onlineenroll.co.in/IOCLHALDIAREFINERYINECTECT/ के निम्नांकित लिंक पर उपलब्ध हैं।
2. तकनीकी कार्यों के लिए उम्मीदवारों पर लागू अन्य शारीरिक और चिकित्सा मानकों के अलावा, जेईए-4 (एफ एंड एस) के पद के लिए आवेदन करने वाले व्यक्तियों को पूर्व रोज़गार चिकित्सा परीक्षा के दिशा निर्देशों के खंड 7 के अनुसार एफ एंड एस के कार्य के लिए निर्दिष्ट शारीरिक और चिकित्सा मानकों को अतिरिक्त रूप से पूरा करना होगा।

**ठ. घोषणा करने की देयता:**

1. जिन उम्मीदवारों की शारीरिक स्वस्थता की रिपोर्ट में बीमारियां, कमियां या असामान्यताएं हैं तथा जो ऊपर दी गई शारीरिक स्वस्थता के मानदंडों को पूरा नहीं करते हैं, उन उम्मीदवारों को अपना आवेदन जमा करते समय अपनी इस रिपोर्ट के बारे में बताना होगा।
2. एक अभ्यर्थी द्वारा प्रशिक्षु के रूप में नियुक्ति की मांग एवं पूर्व में रोज़गार की मांग करने के दौरान किसी रिफाइनरी की यूनिट द्वारा आयोजित की गई चिकित्सा परीक्षा में वह अयोग्य पाया गया तो उसे अयोग्य घोषित किए जाने के कारण बताना होगा।

**ड. सामान्य दिशानिर्देश:**

1. उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन जमा करने से पहले शैक्षिक योग्यता, एवं अन्य पात्रता मानदंड हेतु विज्ञापन को ध्यानपूर्वक पढ़ने की सलाह दी जाती है।
2. वे अभ्यर्थी जो सरकारी/सरकारी विभाग/पीएसयूएस/स्वायत्त निकाय में कार्यरत है, तो उन्हें लिखित परीक्षा के दौरान 'अनापत्ति प्रमाण पत्र' जमा करना होगा। यदि वे ऐसा करने में असमर्थ रहते हैं तो उन्हें कौशल/ प्रवीणता/ शारीरिक परीक्षण की परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ऐसे उम्मीदवारों को यदि नियुक्त किया जाता है, तो उन्हें नियुक्ति के दौरान अपने नियोक्ता से एक 'स्पष्ट कार्यमुक्त आदेश' लेना होगा और उसे जमा करना होगा। इसके बिना उन्हें नियुक्ति नहीं दी जाएगी।
3. सामान्य, ईडब्ल्यूएस और अ.पि.व (एनसीएल) उम्मीदवारों को केवल ऑनलाइन माध्यम से आवेदन शुल्क (अप्रतिदेय) के रूप में 150/- (एक सौ पचास रुपये) का भुगतान करना आवश्यक है। उम्मीदवार को लागू दर पर बैंक शुल्क स्वयं वहन करना है। आवेदन शुल्क का भुगतान करने की प्रक्रिया का विस्तृत वर्णन आवेदन पोर्टल में किया गया है।

**ढ. आवेदन कैसे करें: ऑनलाइन आवेदन फॉर्म**

1. ऑनलाइन आवेदन करने से पहले, उम्मीदवार के पास एक चालू ईमेल आईडी और एक मोबाइल नं. होना चाहिए, जो भविष्य के संचार (कॉल लेटर भी शामिल है) के लिए कम से कम बारह महीने के लिए वैध रहना चाहिए।
2. उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन करने से पहले आयु, योग्यता, जाति, अनुभव, विकालांगता प्रमाण पत्र (जहां लागू हो), पासपोर्ट साइज़ आकार की रंगीन फोटो की स्कैन कॉपी और हस्ताक्षर जेपीजी प्रारूप (आकार में 25 केबी से अधिक नहीं) से संबंधित सभी प्रासंगिक दस्तावेज़/प्रमाण पत्र इत्यादि तैयार करके रखने चाहिए।
3. उम्मीदवार किसी भी पद से संबंधित पात्रता मानदंड संबंधी दिशानिर्देश एवं ऑनलाइन आवेदन के लिए वेबसाइट https://onlineenroll.co.in/IOCLHALDIAREFINERYRECTT/ पर जा सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन पोर्टल का लिंक इंडियन ऑयल की आधिकारिक वेबसाइट अर्थात www.iocl.com पर भी होस्ट किया गया है। वेबसाइट/पोर्टल 07.12.2020 (10:00 बजे) से 21.12.2020 (17:00 बजे) तक खुला रहेगा। केवल ऑनलाइन माध्यम से आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। उम्मीदवार के साथ भविष्य में सभी संचार केवल वेबसाइट/ईमेल/मोबाइल फोन के माध्यम से किए जाएंगे।

   अभ्यर्थियों को इस अधिसूचना में संलग्न दस्तावेज चेकलिस्ट के अनुसार सभी सहायक दस्तावेजों की स्व-सत्यापित फोटो कॉपी अपलोड करनी होगी। आवेदन पोर्टल में दस्तावेजों को अपलोड करने की प्रक्रिया का विस्तार से उल्लेख किया गया है।
4. उम्मीदवारों द्वारा अनिवार्य रूप से लिखित परीक्षा के दिन लिखित परीक्षा स्थल पर अर्थात 03.01.2021 को ऑनलाइन आवेदन पत्र के प्रिंट आउट के अलावा सभी सहायक दस्तावेजों की स्व-सत्यापित फोटो कॉपी, जैसा कि चैकलिस्ट में बताया गया है और साथ में पासपोर्ट साइज आकार की 4 फोटो को सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत करना आवश्यक है। अभ्यर्थियों द्वारा लिफाफे के सबसे ऊपर, नाम और जिस पद के लिए आवेदन कर रहे हैं, उसका कोड, रिफाइनरी यूनिट का नाम और पद कोड आदि लिखा जाना अनिवार्य है। यदि ऑनलाइन आवेदन पत्र का प्रिंट आउट और अन्य सभी दस्तावेज अंतिम तिथि अर्थात 03.01.2021 के बाद जमा किए जाते हैं तो वे स्वीकार नहीं किए जाएंगे।
5. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन पत्र की एक कॉपी और लिखित परीक्षा देने के लिए प्रवेश पत्र के साथ सभी दस्तावेज़ों/प्रशंसा पत्रों की स्व-सत्यापित फोटो कॉपी को एसपीपीटी की जांच के दौरान अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें।
6. अपूर्ण आवेदन, अर्थात ऐसे आवेदन प्रासंगिक दस्तावेज़ों के साथ पूर्ण नहीं माने जाएंगे और जो पात्रता मानदंड को भी पूरा नहीं करते हैं। ऐसी स्थिति में यह 'स्वीकार नहीं' किए जाएंगे।
7. आगे की जानकारी अर्थात लिखित परीक्षा, कॉल लेटर, परिणाम इत्यादि वेबसाइट www.iocl.com के माध्यम से दी जाएगी। उम्मीदवारों को नियमित रूप से वेबसाइट देखने की सलाह दी जाती है।
8. उम्मीदवारों को 'ऑनलाइन आवेदन पत्र' जमा करने और उसको आखिरी बार जमा करने से पहले अपनी सही-सही जानकारी/विवरण देना सुनिश्चित करना चाहिए। ऑनलाइन आवेदन पत्र में भरी/दी गई जानकारी/विवरण के लिए उम्मीदवार पूरी तरह से/विशेष रूप से ज़िम्मेदार होगा।
9. पद समर्थन के लिए किसी भी रूप में साधन के उपयोग की स्थिति में उम्मीदवार को अयोग्य ठहराया जाएगा। प्रश्न, यदि कोई हो, तो वह निम्नांकित ई-मेल आईडी और संपर्क नंबर पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

**प्रश्न/स्पष्टीकरण (णों) के लिए**

| यूनिट | यूनिट - हल्दिया रिफाइनरी | ई-मेल आईडी |
|---|---|---|
| हल्दिया रिफाइनरी | संपर्क नं. - 03224-223262/223271/223268<br>(शनिवार और रविवार को छोड़कर काम के घंटों के दौरान)<br>**उम्मीदवारों को यह भी सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय अपने प्रश्नों के लिए आवेदन पोर्टल पर उपलब्ध हेल्पलाइन नंबरों को देखें।** | HRRECTT@indianoil.in |

**उम्मीदवारों के लिए महत्वपूर्ण तिथियां:**

| | |
|---|---|
| **ऑनलाइन आवेदन के लिए पोर्टल की प्रारंभिक तिथि** | : 07.12.2020 |
| **ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि के अलावा ऑनलाइन आवेदन पोर्टल में सभी सहायक दस्तावेज़ो को अपलोड करना, जैसा कि दस्तावेज़ो की चैकलिस्ट के अनुसार बताया गया है, से संबंधित अधिसूचना के साथ और आवश्यक शुल्क का भुगतान** | : 21.12.2020 |
| **ऑनलाइन आवेदन पत्र का प्रिंट आउट प्राप्त करने की तिथि के अलावा सभी सहायक दस्तावेज़ो की कॉपी, जैसा कि दस्तावेज़ों की चैकलिस्ट के अनुसार बताया गया है, से संबंधित अधिसूचना के साथ लिखित परीक्षा का दिन** | : 03.01.2021 |
| **लिखित परीक्षा की तिथि** | : 03.01.2021 |
| **लिखित परीक्षा परिणाम के सूचना की तिथि** | : 08.01.2021 |

**पद समर्थन के लिए किसी भी रूप में साधन के उपयोग की स्थिति में उम्मीदवार को अयोग्य करार दिया जाएगा।**

धोखाधड़ी से सावधान रहें
इंडियन ऑयल में भर्ती केवल रोज़गार कार्यालय/प्रेस अधिसूचना के माध्यम से की जाती है।

**विज्ञापन सं. पीएच/आर/01/2020**

**दस्तावेज़ों की चैकलिस्ट**

**ऑनलाइन आवेदन पत्र के प्रिंटआउट के अलावा दस्तावेज़ों की चैकलिस्ट को भी जमा करना अनिवार्य है।**

**कृपया उपयुक्त बॉक्स में टिक (√) का निशान लगाएं और आवेदन पत्र के प्रिंटआउट को लिखित परीक्षा केन्द्र में प्रस्तुत करते समय, आवेदन पत्र के प्रिंटआउट के साथ इस विधिवत हस्ताक्षरित चेकलिस्ट को संलग्न करें।**

| क्र. सं. | दस्तावेज़ों का विवरण | जमा किया गया (हां/नहीं) |
|---|---|---|
| 1 | जन्मतिथि का प्रमाण - मार्कशीट/दसवीं की परीक्षा पास करने का प्रमाण पत्र, जो माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी किया गया हो। | |
| 2 | फोटो पहचान प्रमाण (ड्राइविंग लाइसेंस/वोटर आईडी/पैन कार्ड/आधार कार्ड/पासपोर्ट) | |
| 3 | 10वीं की मार्कशीट और पास करने का प्रमाण पत्र | |
| 4 | 12वीं की मार्कशीट और पास करने का प्रमाण पत्र | |
| 5 | सभी सेमेस्टरों/वर्ष के अनुसार मार्कशीट और डिप्लोमा/डिग्री इत्यादि में पास होने का प्रमाण पत्र, जो कि संबंधित बोर्ड/विश्वविद्यालय (जहां लागू हो) द्वारा जारी किया गया हो। | |
| 6 | आईआईटी (फिटर में) ट्रेड मार्कशीट और प्रमाण पत्र (जहां लागू हो) | |
| 7 | बॉयलर की योग्यता का प्रमाण पत्र (बीसीसी) (जहां लागू हो) | |
| 8 | योग्यता के लिए प्राप्त अंकों के अंतिम प्रतिशत की गिनती करने के लिए सीजीपीए से प्रतिशत में परिवर्तित फॉर्मूला के अनुसार दस्तावेज की आवश्यकता | |
| 9 | उस संस्थान से प्रमाण पत्र, जहां से उम्मीदवार ने अपनी डिग्री प्राप्त की हो, जो यह प्रदर्शित करती हो कि यह नियमित पूर्णकालिक पाठ्यक्रम की डिग्री है और जो साथ में डिग्री/डिप्लोमा पाठ्यक्रम का अंतिम वर्ष/अंतिम सेमेस्टर के परिणाम के प्रकाशन की तिथि को भी प्रदर्शित करता हो। | |
| 10 | भारी वाहन की ड्राइविंग लाइसेंस (जेईए-IV (एफएंड एस) पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के लिए - पद कोड 207) | |
| 11 | निर्धारित प्रारूप में नवीनतम जाति/श्रेणी (अ.जा/अ.जा/अ.पि.व (एनसीएल)/ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के लिए) का प्रमाण पत्र | |
| 12 | निर्धारित प्रारूप में विकलांगता का प्रमाण पत्र (पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए) | |
| 13 | निर्धारित प्रारूप में सेवा मुक्ति का प्रमाण पत्र (पूर्व सैनिकों के लिए) | |
| 14 | अपेक्षित पद योग्यता अनुभव का प्रमाण (अनुभव प्रमाण पत्र या नियुक्ति पत्र और आखिरी सैलरी स्लिप/नवीनतम सैलरी स्लिप या स्पष्ट आदेश, जो कि उनके नियोक्ता द्वारा जारी की गई हो और वही पद-योग्यता का अनुभव के रूप में माना जाएगा या स्वीकार्य होगा। | |
| 15 | बैलेंस शीट से संबंधित पृष्ठ की एक स्व-प्रमाणित कॉपी, जो इस बात को प्रमाणित करता हो कि कंपनी एक बड़ी औद्योगिक के रूप में स्थापित है। हालांकि पद-योग्यता का अनुभव (जैसा कि विज्ञापन में विस्तार से बताया गया है) एक बड़ी औद्योगिक कम्पनी में होना अनिवार्य है। वे उम्मीदवार, जो प्रत्यक्ष या किसी एजेंसी (जिसमें ठेकेदार भी शामिल हो सकता है) के माध्यम से बड़ी औद्योगिक कम्पनी में नियुक्त हुए है। ऐसे उम्मीदवारों को एजेंसी/ठेकेदार को जारी किए गए कार्य आदेश की एक कॉपी के अलावा बड़ी औद्योगिक कम्पनी की बैलेंस शीट से संबंधित पृष्ठ प्रस्तुत करना आवश्यक है। | |
| 16 | संपूर्ण प्रशिक्षुता से संबंधित प्रमाण पत्र जहां प्रशिक्षु ने अपनी ट्रेनिंग को संपूर्ण (जहां लागू हो) किया है। | |
| 17 | वे अभ्यर्थी जो सरकारी/सरकारी विभाग/पीएसयूएस/स्वायत्त निकाय में कार्यरत है, तो उन्हें अपने नियोक्ताओं से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) लेना होगा और उसे जमा करना होगा। | |
| 18 | अन्य सहायक दस्तावेज़ (ज़ों), जो कि योग्यता, अनुभव, जाति इत्यादि से संबंधित हो, जैसा कि विज्ञापन सं. पीएच/आर/01/2020 में विस्तार से बताया गया है। | |

(उम्मीदवार का हस्ताक्षर)

नाम:

**जिस पद के लिए आवेदन कर रहे हैं:**

(पृष्ठ 1 का शेष)

वेबसाइट से प्राप्त करके ही प्रवेश लें, ताकि आपका समय और पैसा बच सके।

वर्तमान समय में अधिकतर नौकरियों के अवसर प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से ही प्राप्त किए जा रहे हैं । जिसके विज्ञापन स्थानीय दैनिक समाचार पत्रों रोजगार समाचार पत्रों में नियमित रूप से प्रकाशित होते रहते हैं केंद्र सरकार, राज्य सरकार ने अपने अधिकारियों व कर्मचारियों की भर्ती के लिए आयोग व बोर्ड की स्थापना की है जैसे संघ लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग, राजस्थान लोक सेवा आयोग अन्य विभिन्न भर्ती बोर्ड इत्यादि।

ये सभी भर्ती बोर्ड/आयोग निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कुशल, निष्ठावान, ईमानदार उम्मीदवारों की पहचान करके अपनी नियुक्ति हेतु सिफारिशों को संबंधित विभागों को प्रेषित कर रहे और संबंधित विभाग नियुक्ति प्रदान कर रहे हैं। याद रहे कि प्रतियोगी परीक्षा में 1 अंक कम पाने वाले का चयन नहीं अंक अधिक पाने वाले उम्मीदवार का चयन हो जाता है अतः आप नियमित रूप से रोजगार समाचार पत्र, दैनिक समाचार पत्र, आकाशवाणी दूरदर्शन आदि प्रचार के माध्यम से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। परीक्षा की तैयारी हेतु मार्गदर्शन, उचित सामग्री, योजना के साथ-साथ कोचिंग व प्रशिक्षण की भी बहुत आवश्यकता होती है । मार्गदर्शन का उदाहरण वेद पुराणों में तो विद्यमान है ही परंतु हमारे समाज में भी ऐसे उदाहरण देखने को मिलते हैं जिससे हमें प्रेरणा एवं सीख लेते हुए अपने निर्धारित लक्ष्यों को पाये जाने की पूरी कोशिश करनी चाहिए।

## यदि आपको निम्नलिखित जानकारियाँ / सहायता चाहिए :-

यदि सही व शीघ्र रोजगार पाने व उसके चयन की जानकारी, उचित पाठ्यक्रम चयन व प्रशिक्षण संबंधी जानकारी, छात्रवृत्ति संबंधी जानकारी व्यवसाय परिवर्तन संबंधी जानकारी, साक्षात्कार की तैयारी संबंधी जानकारी, व्यक्तित्व विकास व मानसिक तनावों से मुक्ति चाहिए, स्व-रोजगार संबंधी जानकारी चाहिए, तो आप निःसंकोच किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 9.30 से सायं 6.00 बजे तक व्यक्तिशः हमारी सेवाओं को लाभ उठाकर लाभान्वित हो सकते हैं ,छोटी व तात्कालिक सूचनायें दूरभाष/कार्यालय के ई-मेल पर भी प्राप्त कर सकते हैं ।

कृपया सुझाव/संपर्क निम्नलिखित पते पर भिजवा सकते हैं । आपका सुझाव हमें प्रेरणा प्रदान करेगा। हम आपके सुझावों पर अमल करने की पूरी कोशिश ईमानदारी से करने का प्रयास करेंगे।

### कार्यालय
### उप क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी

भारत सरकार, श्रम और रोजगार मंत्रालय, रोजगार महानिदेशालय

**अनुसूचित जाति / जनजाति हेतु नेशनल कैरियर सर्विस सेन्टर (एन.सी.एस.सी.)**

श्रीरामचन्द्र मन्दिर परिसर, देवस्थान विभाग के पास, पुरानी विधानसभा के सामने, हवा महल रोड, जयपुर (राजस्थान) पिन कोड-302002

टेलीफोनः 0141-2618775,

ईमेल - cgcjaipur-rj@nic.in

# सी.एस.आई.आर- खनिज एवं पदार्थ प्रौद्योगिकी संस्थान
# CSIR-Institute of Minerals & Materials Technology

वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद

Council of Scientific & Industrial Research

भुवनेश्वर- 751013, ओडिशा, भारत/Bhubaneswar- 751013, Odisha, India

विज्ञापन सं. 03/2020(सूचक), दिनांक 26.11.2020

## एक प्रमुख अनुसंधान एवं विकास संस्थान में अनोखा कॅरियर अवसर

बोनाफाइड योग्य भारतीय नागरिकों, जिनके पास उत्कृष्ट शैक्षणिक रिकॉर्ड, प्रेरणा, योग्यता, डोमेन ज्ञान और निम्नलिखित अनुभव के लिए निर्दिष्ट अनुभव हैं उनसे ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं:-

| पद का नाम/ Name of Post | पदों की संख्या और आरक्षण की स्थिति No. of Posts & Reservation Status | पे मैट्रिक्स में स्तर/ Level in Pay Matrix | कुल मेहनताना Total Emoluments | ऊपरी आयु सीमा (ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के अनुसार) अधिक ना हो |
|---|---|---|---|---|
| तकनीशियन (1) Technician (1) | 14 (एससी-02, एसटी-03, ईडब्ल्यूएस-01, यूआर-08) | लेवल-2 19,900- 63,200 रुपये | रु. 27936/- | ऑनलाइन आवेदन के अंतिम तिथि तक 28 वर्ष. |

**उपरोक्त पद में से एक पद पूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित है**

**आवश्यक योग्यताः** 55% अंकों और विज्ञान विषय के साथ एसएससी / 10 वीं कक्षा + इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक, इंजन-ड्राइवर, फिटर, इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक, वेल्डर, बढ़ईगिरी, बिजली मिस्त्री, सूचना संचार प्रौद्योगिकी रखरखाव प्रणाली, प्रशीतन, और एयर कंडीशनिंग मैकेनिक, सीओपीए- कंप्यूटर ऑपरेशन और प्रोग्रामिंग सहायक / राष्ट्रीय / राज्य व्यापार प्रमाण पत्र के ट्रेडों में आईटीआई प्रमाण पत्र.

अन्य नियमों और शर्तों और निर्देशों के बारे में जानकारी के लिए, हार्ड कॉपी आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि, उम्मीदवार को विस्तृत विज्ञापन को देखना होगा, जो शीघ्र ही संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध होगा. ऑनलाइन आवेदन सीएसआईआर-आईएमएमटी की वेबसाइट पर **21.12.2020 से 22.01.2021 तक शाम 5.00 बजे** तक उपलब्ध रहेगा. इच्छुक उम्मीदवार संस्थान की वेबसाइट **http://www.immtt.res.in** पर जा सकते हैं और अंतिम समय की भीड़ से बचने के लिए पहले से ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं

प्रशासन नियंत्रक/Controller of Administration

# इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड

भारत सरकार (परमाणु ऊर्जा विभाग) का उद्यम

ईसीआईएल पोस्ट, हैदराबाद -500-062

ईमेल आईडीः hrrect@ecil.co.in

## उज्ज्वल कॅरिअर के लिए ईसीआईएल के साथ जुड़ें

इलेक्ट्रॉनिक कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, परमाणु ऊर्जा विभाग के तहत भारत सरकार का एक उद्यम निम्नलिखित पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करता है:

| पद संख्या | पद का नाम | पद की संख्या | 31.11.2020 (वर्ष में) पद के लिए योग्यता और अनुभव | यूआर उम्मीदवार नीचे दिए गए महीने और वर्ष के अनुसार या उसके बाद पैदा होना चाहिए | कुल मासिक परिलब्धियां (भत्तों सहित) (लगभग) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वरिष्ठ उप महाप्रबंधक (तकनीकी) (ईजी- VII) (90,000-2,40,000 रुपये) | 04 | 20 | 30/11/1967 | 1,55,160 रुपये |
| 2 | वरिष्ठ उप महाप्रबंधक (एचआर) (ईजी- VII) (90,000-2,40,000 रुपये) | 01 | 20 | 30/11/1967 | 1,55,160 रुपये |
| 3 | उप महाप्रबंधक (कॉर्पोरेट संचार) (ईजी- VI) (80,000-2,20,000 रुपये) | 01 | 17 | 30/11/1970 | 1,37,920 रुपये |
| 4 | उप महाप्रबंधक (एचआर) (ईजी- VI) (80,000-2,20,000 रुपये) | 02 | 17 | 30/11/1970 | 1,37,920 रुपये |
| 5 | उप महाप्रबंधक (वित्त) (ईजी- VI) (80,000-2,20,000 रुपये) | 01 | 17 | 30/11/1970 | 1,37,920 रुपये |
| 6 | उप महाप्रबंधक (कॉर्पोरेट खरीद) (ईजी- VI) (80,000-2,20,000 रुपये) | 01 | 17 | 30/11/1970 | 1,37,920 रुपये |
| 7 | वरिष्ठ प्रबंधक (वित्त) (ईजी- V) (70,000-2,00,000 रुपये ) | 01 | 14 | 30/11/1973 | 1,20,680 रुपये |
| 8 | वरिष्ठ प्रबंधक (विधि) (ईजी-V) (70,000-2,00,000 रुपये) | 01 | 14 | 30/11/1973 | 1,20,680 रुपये |
| 9 | कार्मिक अधिकारी (ईजी- II) (40,000-1,40,000 रुपये) | 01 | 03 | 30/11/1990 | 69,360 रुपये |
| 10 | लेखा अधिकारी (ईजी- II) (40,000-1,40,000 रुपये) | 01 | (*) | 30/11/1992 | 69,360 रुपये |

*अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी.

| | |
|---|---|
| उम्मीदवारों द्वारा आवेदन के ऑनलाइन पंजीकरण की शुरुआत | 09.12.2020 (2 बजे) |
| उम्मीदवारों द्वारा आवेदन के ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि | 31.12.2020 (4 बजे) |
| ईसीआईएल कॉर्पोरेट कार्यालय, हैदराबाद में उम्मीदवारों द्वारा पद के लिए आवश्यक दस्तावेजों के साथ पंजीकरण फॉर्म (हार्ड कॉपी) स्वीकार करने की अंतिम तिथि | 11.01.2021 (4 बजे) |

पूरी जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट पर जाएंः **http://careers.ecil.co.in** या **www.ecil.co.in.**

एसपीओ, भर्ती

## वार्षिक अभिदाताओं हेतु आवश्यक सूचना

राजस्थान रोजगार संदेश (पाक्षिक) के वार्षिक अभिदाता बनने हेतु अथवा वर्तमान में चल रहे अभिदाता जिनका वार्षिक शुल्क समाप्त होने जा रहा है वे रुपए 40/- की राशि का भारतीय पोस्टल आर्डर या डिमान्ड ड्राफ्ट सहायक निदेशक (प्रकाशन) राजस्थान रोजगार संदेश के पक्ष में भेजकर इस पाक्षिक पत्र के वार्षिक सदस्य बन सकते हैं। - संपादक

## सूचना

राजस्थान रोजगार संदेश के प्रकाशित लेखों एवं प्रशिक्षण एक परिचय में प्रयुक्त विषय वस्तु लेखकों / संस्थानों की अपनी है। सम्पादक इन विषय वस्तु एवं इनसे उत्पन्न होने वाले किसी भी प्रकार के विवाद के लिए किसी भी तरह उत्तरदायी नहीं है। - सम्पादक

## राजस्थान रोजगार संदेश

मुख्य सम्पादक
**महेश शर्मा**
निदेशक, रोजगार सेवा निदेशालय
राजस्थान, जयपुर

मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक
**श्रीमती नवरेखा**
सहायक निदेशक (प्रकाशन) राजस्थान रोजगार संदेश, जयपुर,
डाक का पता : सहायक निदेशक प्रकाशन, दरबार स्कूल परिसर, गोपीनाथ मार्ग, जयपुर, पिनकोड- 302001, फोन- 2368398
ई-मेलः adrs.jpr.emp@rajasthan.gov.in

स्वत्त्वाधिकारी, रोजगार सेवा निदेशालय, राजस्थान सरकार के लिए मुद्रक सहायक निदेशक(प्रकाशन) द्वारा डी.बी. कॉर्प लि. 10, जेएलएन मार्ग, जयपुर, फोन- 0141-3981148 ( भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, टोंक रोड, जयपुर ) से मुद्रित एवं दरबार स्कूल परिसर, गोपीनाथ मार्ग, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-श्रीमती नवरेखा